

भारत की जनगणना 1981

शृंखला–18

राजस्थान

भाग XIII–स

पूरक जिला जनगणना पुस्तिका

संक्षिप्त ग्राम निर्देशिका

एवं

संक्षिप्त ग्रामीण प्राथमिक जनगणना सार


(पंचायत समिति वार)

जैसलमेर जिला

ईश्वरचन्द्र श्रीवास्तव

आई. ए. एस.

निदेशक, जनगणना आयोजन, राजस्थान



जैसलमेर स्थित एक हवेली में लगी जालीदार रैलिंग

प्राक्कथन

जनगणना, योजनाकारों एवं प्रशासकों को आर्थिक तथा सामाजिक योजनाओं के लिये सभी स्तरों पर सांख्यिकीय आधार प्रदान करती है। जनगणना निदेशालय द्वारा संकलित एवं संसाधित ग्राम व नगरवार आंकडे प्रत्येक जिले के लिये अलग-अलग जनगणना पुस्तिका के रूप में प्रकाशित किये जा चुके हैं।

पंचायत समितियां विकास-प्रशासन व योजना की आधारभूत इकाइयां हैं अतः यह अनुभव किया गया कि जनगणना सम्बन्धी आंकड़े पंचायत समिति स्तर पर भी उपलब्ध हों। उपरोक्त आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला जनगणना पुस्तिकाओं की पूरक के रूप में प्रत्येक जिले के लिये अलग-अलग पंचायत समिति स्तर पर ग्रामवार जनसंख्या के आंकड़े एवं उनमें उपलब्ध जन सुविधाओं की सूचना पूरक पुस्तिकाओं की इस शृंखला में प्रस्तुत की जा रही है।

पूरक जिला जनगणना पुस्तिका तीन भागों में विभक्त है : भाग–अ में प्रत्येक ग्राम में उपलब्ध आधारभूत जन सुविधाओं से सम्बन्धित सूचना, भाग–ब में जनसंख्या सम्बन्धी आधारभूत आंकड़े तथा भाग–स में ग्रामों की वर्णक्रमानुसार सूची दी गयी है। मुझे विश्वास है कि ये पूरक पुस्तिकाऐं योजनाविदों, प्रशासकों, शिक्षा शास्त्रियों एवं अनुसंधानकर्ताओं के लिये अत्यन्त उपयोगी, सूचनात्मक तथा रूचिकर सिद्ध होंगी।

श्री सम्पत राय लुहाड़िया, संयुक्त निदेशक, जनगणना आयोजन, राजस्थान एवं उनके सहयोगियों ने इन विस्तृत तथा उपयोगी पुस्तिकाओं को राज्य सरकार के आग्रह पर अपने व्यस्ततम प्रकाशन कार्यक्रम के उपरान्त भी मुद्रण कराने में जो अथक परिश्रम किया है उसके लिये वे बधाई के पात्र हैं।

नरेशचन्द्र
मुख्य सचिव
राजस्थान सरकार

जयपुर
जनवरी 29, 1986

आमुख

जनगणना संगठन द्वारा राज्य सरकारों के लिये संकलित जिला जनगणना पुस्तिकाओं में जनसांख्यिकी से सम्बन्धित बहुमूल्य सामग्री होती है जिनमें जिले के प्रत्येक ग्राम एवं नगर का प्राथमिक जनगणना सार एवं उनमें उपलब्ध जन-सुविधाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया है। जिला जनगणना पुस्तिकाओं की इस शृंखला में जनगणना निदेशालय, राजस्थान द्वारा राज्य के समस्त जिलों की जनगणना पुस्तिकाएं समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार पहले ही प्रकाशित की जा चुकी हैं।

जिला जनगणना पुस्तिकाओं में जनगणना के समस्त आंकड़े केवल प्रशासनिक इकाइयों अर्थात् तहसील, ग्राम आदि के स्तर पर प्रकाशित किये जाते हैं। चूंकि राज्य सरकार ने उचित समझा कि पंचायत समितियां, विकास, प्रशासन व योजना की आधारभूत इकाइयां हैं, इसलिये जनगणना सम्बन्धी आंकड़े पंचायत समिति स्तर पर भी उपलब्ध कराये जायें। अतः जिला जनगणना पुस्तिकाओं के संकलन के पश्चात् राज्य सरकार के आग्रह पर प्रत्येक जिले के लिये पंचायत समिति स्तर पर ग्रामवार जनसंख्या के आंकड़े एवं उनमें उपलब्ध जन-सुविधाओं की सूचना पूरक जिला जनगणना पुस्तिकाओं की इस शृंखला में प्रस्तुत की जा रही है।

ये पूरक जिला जनगणना पुस्तिकायें राज्य सरकार और जनगणना संगठन के संयुक्त प्रयास से प्रकाशित की जा रही हैं। इन प्रकाशनों के मुद्रण का खर्च भी राज्य सरकार ने वहन किया है। जनगणना निदेशालय, राजस्थान के संयुक्त निदेशक श्री एस. आर. लुहाड़िया और उनके अन्य सहयोगियों ने अथक परिश्रम व लगन के साथ इस कार्य को सफलता पूर्वक सम्पादित कर प्रशंसनीय कार्य किया है।

नई दिल्ली
मार्च 7, 1986

विजय वर्मा
भारत के महारजिस्ट्रार

आभार

पूरक पुस्तिकाओं की इस शृंखला के प्रकाशन में राज्य सरकार द्वारा सहायता एवं सहयोग प्रदान करने के लिए हम श्री नरेश चन्द्र, मुख्य सचिव के अत्यन्त आभारी हैं, जिन्होंने इस कार्य को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने में समय-समय पर हमारा उत्साहवर्द्धन किया तथा इस शृंखला के प्राक्कथन लिखने के लिए अपनी सहमति प्रदान की।

हम भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त श्री विजय वर्मा के कृतज्ञ हैं जो हमारे समस्त प्रयासों में अपना सतत् समर्थन एवं मार्गदर्शन प्रदान करते रहे हैं। हम इस शृंखला के प्रकाशन के लिए श्री वी. पी. पाण्डे, संयुक्त महारजिस्ट्रार एवं उनके कार्यालय के अन्य अधिकारीगण द्वारा समय-समय पर दिये गये सुझावों एवं सहयोग के लिए भी उनके अत्यन्त आभारी हैं।

मुझे श्री ईश्वर चन्द्र श्रीवास्तव, पूर्व निदेशक, जनगणना आयोजन, राजस्थान के प्रति आभार प्रदर्शित करते हुए हर्ष है कि जिनके कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में यह कार्य प्रारम्भ हुआ।

पंचायत समितिवार ग्रामों के वर्गीकरण से सम्बन्धित कार्य सामाजिक अध्ययन अनुभाग द्वारा सहायक निदेशक श्री शमशेरसिंह के कुशल निर्देशन में उनके सहयोगी सर्व श्री रमनलाल मित्तल एवं वलीहैदर, अन्वेषकों द्वारा दक्षतापूर्वक सम्पन्न किया गया तथा जनगणना आंकड़ों का विश्लेषण एवं परिचयात्मक आलेख सम्बन्धित कार्य श्री रमेश चन्द्र भार्गव, सहायक निदेशक के कुशल निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में उनके सहयोगी सर्व श्री रामावतार गुप्ता, अन्वेषक व रामनारायण वर्मा, वरिष्ठ पर्यवेक्षक द्वारा किया गया। इन पुस्तकों के प्रकाशन में वित्तीय व्यवस्था, बजट तैयार करने तथा व्यय की प्रतिपूर्ति आदि का सम्पादन श्री रूपचन्द चन्दनानी, सहायक निदेशक (प्रशासन) ने कुशलता पूर्वक किया। श्री मनमोहन नाथ गोयल, अन्वेषक ने अपने सहयोगियों के साथ मुद्रण के विभिन्न कार्य पहलुओं को पूर्ण तत्परता एवं लगन के साथ सम्पन्न किया जिससे पुस्तिकाओं का समय पर प्रकाशन सम्भव हो सका। इस निदेशालय के उपरोक्त अधिकारीगण एवं पीछे पृष्ठ पर उल्लेखित समस्त कर्मचारीगण विशेष प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होंने मुझे इन प्रकाशनों के कार्य सम्पादन में तत्परता व परिशुद्धता से कार्य कर पूर्ण सहयोग दिया।

मैं, महावीर प्रिंटिंग प्रेस, जयपुर के श्री के. सी. अजमेरा का भी इन पुस्तकों के मुद्रण के लिए आभार प्रदर्शित करता हूँ।

जयपुर
जनवरी 31, 1986

सम्पतराय लुहाड़िया
संयुक्त निदेशक

प्रकाशन से सम्बन्धित कर्मचारीगण

1.	श्री ताराचन्द पाटनी	अन्वेषक
2.	श्री मोतीसिंह	अन्वेषक
3.	श्री कुन्ज बिहारी शर्मा	सांख्यिकी सहायक
4.	श्री भूपेन्द्र गोयल	सांख्यिकी सहायक
5.	श्री गोपराजा	सांख्यिकी सहायक
6.	श्री मोहन लाल सिंघी	सांख्यिकी सहायक
7.	श्री वासदेव चन्दवानी	सांख्यिकी सहायक
8.	श्री हसन मोहम्मद	मुद्रण निरीक्षक
9.	श्री ओमप्रकाश बड़ाया	संगणक
10.	श्री स्वतन्त्र कुमार अजमेरा	संगणक
11.	श्री धीरेन्द्र प्रसाद सेंकड़ा	कनिष्ठ आशुलिपिक

जनसंख्या–एक झलक

			राजस्थान राज्य	जैसलमेर जिला
जनसंख्या	कुल	व्यक्ति	34,261,862	243,082
		पुरुष	17,854,154	134,204
		स्त्रियां	16,407,708	108,878
	ग्रामीण	व्यक्ति	27,051,354	210,155
		पुरुष	14,013,454	115,337
		स्त्रियां	13,037,900	94,818
	नगरीय	व्यक्ति	7,210,508	32,927
		पुरुष	3,840,700	18,867
		स्त्रियां	3,369,808	14,060
क्षेत्रफल (वर्ग कि. मी. में)			342,239	38,401
जनसंख्या वृद्धि दर (1971–81)	कुल		+ 32.97	+ 44.84
	ग्रामीण		+ 27.47	+ 46.47
	नगरीय		+ 58.69	+ 35.24
जनसंख्या का घनत्व (प्रति वर्ग कि. मी.)			100	6
स्त्री-पुरुष अनुपात (प्रति 1,000 पुरुषों पर स्त्रियां)	कुल		919	811
	ग्रामीण		930	822
	नगरीय		877	745
साक्षरता दर	कुल	व्यक्ति	24.38	15.80
		पुरुष	36.30	24.35
		स्त्रियां	11.42	5.25
	ग्रामीण	व्यक्ति	17.99	10.55
		पुरुष	29.65	17.93
		स्त्रियां	5.46	1.57
	नगरीय	व्यक्ति	48.35	49.31
		पुरुष	60.55	63.62
		स्त्रियां	34.45	30.10
नगरों की संख्या			201	2
ग्रामों की संख्या		कुल	37,124	515
		आबाद	34,968	462
		गैर-आबाद	2,156	53
मुख्य काम करने वालों का प्रतिशत (कुल क्षेत्र)		व्यक्ति	30.48	32.09
		पुरुष	49.92	55.04
		स्त्रियां	9.32	3.08
मुख्य काम करने वालों में प्रतिशतता (कुल क्षेत्र) :				
काश्तकार		व्यक्ति	61.59	58.49
		पुरुष	60.70	58.73
		स्त्रियां	66.75	54.29
खेतिहर मजदूर		व्यक्ति	7.32	3.34
		पुरुष	5.89	2.91
		स्त्रियां	15.67	10.90
पारिवारिक उद्योग, आदि		व्यक्ति	3.26	2.57
		पुरुष	3.33	2.31
		स्त्रियां	2·82	7.33
अन्य काम करने वाले		व्यक्ति	27.83	35.60
		पुरुष	30.08	36.05
		स्त्रियां	14.76	27.48
कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति	प्रतिशत		17.04	14.52
कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति	प्रतिशत		12.21	4.39

जिलेवार जनसांख्यिकी

(जनगणना

राज्य/जिला	क्षेत्रफल (वर्ग कि.मी. में)	जनसंख्या का घनत्व	जनसंख्या (हजारों में) व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां	जनसंख्या वृद्धि दर 1971–81	स्त्री-पुरुष अनुपात	साक्षरता दर व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
राजस्थान	**342,239**	**100**	**34,262**	**17,854**	**16,408**	**+32.97**	**919**	**24.38**	**36.30**	**11.42**
गंगानगर	20,634	98	2,030	1,083	947	+45.62	874	26.03	36.41	14.16
बीकानेर	27,244	31	849	449	400	+48.09	891	28.20	37.66	17.57
चूरू	16,830	70	1,180	604	576	+34.88	954	21.86	33.34	9.81
झुन्झुनू	5,928	204	1,211	619	592	+30.39	956	28.61	45.07	11.40
अलवर	8,380	211	1,771	936	835	+26.17	892	26.53	40.05	11.38
भरतपुर	8,100	233	1,884	1,029	855	+26.43	831	26.05	39.33	10.08
सवाई माधोपुर	10,527	146	1,536	823	713	+28.68	867	23.23	36.30	8.16
जयपुर	14,068	243	3,420	1,806	1,614	+38.50	894	31.40	44.11	17.18
सीकर	7,732	178	1,377	702	675	+32.09	963	25.43	41.16	9.08
अजमेर	8.481	170	1,440	749	691	+25.50	922	35.30	47.65	21.92
टोंक	7,194	109	784	407	377	+25.22	928	20.56	31.96	8.28
जैसलमेर	38,401	6	243	134	109	+44.84	811	15.80	24.35	5.25
जोधपुर	22,850	73	1,668	874	794	+44.82	909	26.64	37.71	14.47
नागौर	17,718	92	1,629	832	797	+29.04	958	19.38	31.13	7.11
पाली	12,387	103	1,275	655	620	+31.39	946	21.87	34.21	8.83
बाड़मेर	28,387	39	1,119	588	531	+44.41	904	12.29	20.04	3.71
जालोर	10,640	85	903	465	438	+35.20	942	13.70	22.43	4.43
सिरोही	5,136	106	542	276	266	+27.90	963	20.07	29.84	9.92
भीलवाड़ा	10,455	125	1,310	675	635	+24.22	942	19.79	29.97	8.97
उदयपुर	17,279	136	2,357	1,192	1,165	+30.69	977	22.01	33.02	10.76
चित्तौड़गढ़	10,856	114	1,232	631	601	+30.41	951	21.94	33.91	9.35
डूंगरपुर	3,770	181	683	334	349	+28.78	1,045	18.52	29.54	7.97
बांसवाड़ा	5,037	176	887	447	440	+35.44	984	16.85	26.05	7.50
बूंदी	5,550	106	587	311	276	+30.72	887	20.14	30.10	8.92
कोटा	12,436	125	1,560	826	734	+36.57	888	32.53	45.96	17.39
झालावाड़	6,219	126	785	407	378	+25.85	926	22.11	34.01	9.27

विशेषतायें

1981)

मुख्य कार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत		मुख्य काम करने वालों का प्रतिशत वितरण				कुल जनसंख्या में प्रतिशत अनुपात		कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत	कुल ग्रामों की संख्या	राज्य/जिला
पुरुष	स्त्रियां	काश्तकार	खेतीहर मजदूर	पारिवारिक उद्योग	अन्य काम करने वाले	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति			
12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	1
49.92	**9.32**	**61.59**	**7.32**	**3.26**	**27.83**	**17.04**	**12.21**	**21.05**	**37,124**	**राजस्थान**
52.76	2.85	57.69	14.73	2.01	25.57	29.05	0.25	20.61	4,516	गंगानगर
50.18	5.90	52.97	2.60	2.98	41.45	18.35	0.18	39.48	673	बीकानेर
48.37	9.71	73.17	3.16	2.26	21.41	19.55	0.48	29.22	900	चूरू
42.00	7.30	61.14	4.78	3.66	30.42	14.91	1.90	20.74	692	झुन्झुनू
46.72	4.32	66.85	5.29	2.99	24.87	17.64	8.12	11.08	1,947	अलवर
47.69	2.72	68.58	6.03	2.37	23.02	21.30	3.01	17.07	1,995	भरतपुर
48.56	6.12	69.76	5.30	2.90	22.04	21.37	22.67	13.42	1,657	सवाई माधोपुर
47.74	8.81	48.99	3.92	5.03	42.06	16.26	11.12	36.56	2,810	जयपुर
43.67	4.83	61.82	4.40	4.59	29.19	13.75	2.65	20.25	837	सीकर
51.54	18.79	46.93	7.16	3.47	42.44	18.38	2.23	42.80	939	अजमेर
52.15	14.17	62.19	7.69	4.21	25.91	20.63	11.80	18.36	1,089	टोंक
55.04	3.08	58.49	3.34	2.57	35.60	14.52	4.39	13.55	515	जैसलमेर
49.52	9.78	58.93	4.85	2.86	33.36	15.51	2.40	34.77	706	जोधपुर
49.82	15.66	71.86	5.63	3.55	18.96	19.18	0.18	14.56	1,249	नागौर
50.26	12.85	51.65	15.90	5.34	27.11	17.73	5.47	18.42	836	पाली
52.93	8.54	78.29	2.83	2.75	16.13	15.63	5,10	8.78	864	बाड़मेर
50.88	6.61	69.25	11.47	3.72	15.56	17.01	8.01	8.06	612	जालोर
49.51	8.63	42.70	16.06	4.51	36.73	18.74	23.11	17.90	446	सिरोही
56.99	18.87	68.45	5.84	2.68	23.03	17.01	9.28	14.39	1,569	भीलवाड़ा
51.88	7.89	65.18	5.64	2.57	26.61	8.21	34.33	15.07	3,145	उदयपुर
55.98	18.71	69.88	7.06	2.43	20.63	14.47	18.16	13.18	2,360	चित्तौड़गढ़
48.26	7.03	71.81	8.07	2.38	17.74	4.51	64.44	6.46	837	डूंगरपुर
49.16	6.44	75.29	6.43	2.14	16.14	4.72	72.63	6.22	1,463	बांसवाड़ा
53.56	11.81	59.43	9.88	2.58	28.11	18.91	20.11	17.01	737	बूंदी
50.01	8.31	40.97	14.70	3.48	40.85	18.81	14.83	31.93	2,141	कोटा
53.38	17.14	65.28	14.80	2.99	16.93	17.10	11.67	11.66	1,589	झालावाड़

आयु एवं धर्मानुसार जनसंख्या का वितरण

(जनगणना 1981)

राज्य/जिला	कुल जनसंख्या का प्रतिशत								
	आयु वर्ग			धर्म					
	0-14	15-59	60+	बौद्ध	ईसाई	हिन्दू	जैन	मुसलमान	सिक्ख
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
राजस्थान	**42.44**	**51.46**	**6.03**	**0.01**	**0.12**	**89.32**	**1.82**	**7.28**	**1.44**
गंगानगर	43.47	50.92	5.56	0.01	0.07	76.37	0.20	3.53	19.80
बीकानेर	42.88	51.53	5.51	0.01	0.06	86.26	2.87	10.08	0.71
चूरू	44.78	49.37	5.80	न.	0.02	87.77	2.69	9.50	0.02
झुन्झुनूं	44.91	48.89	6.15	0.01	0.04	91.27	0.09	8.53	0.06
अलवर	44.13	49.57	6.29	0.01	0.02	87.85	0.58	9.68	1.83
भरतपुर	44.09	50.01	5.87	न.	0.02	90.22	0.31	8.62	0.83
सवाई माधोपुर	42.70	51.66	5.61	0.01	0.03	92.13	1.02	6.76	0.04
जयपुर	42.12	52.22	5.56	0.02	0.13	90.99	1.39	7.28	0.18
सीकर	44.48	49.40	6.07	—	0.01	89.02	0.51	10.44	0.02
अजमेर	38.51	55.11	6.29	0.07	0.58	87.13	3.07	8.80	0.33
टोंक	40.81	52.91	6.24	0.03	0.03	88.19	2.43	9.27	0.04
जैसलमेर	40.52	53.61	5.80	—	0.05	76.05	0.53	23.19	0.16
जोधपुर	42.14	52.24	5.50	न.	0.18	87.77	1.77	10.11	0.15
नागौर	43.26	50.48	6.22	—	0.02	87.71	1.41	10.85	0.01
पाली	42.11	50.71	7.09	न.	0.05	91.01	3.93	4.91	0.09
बाड़मेर	43.34	50.92	5.64	न.	0.02	85.74	2.92	11.27	0.05
जालोर	44.77	48.90	6.25	—	0.02	91.83	4.64	3.50	न.
सिरोही	42.40	50.83	6.73	0.01	0.14	92.57	4.42	2.73	0.10
भीलवाड़ा	38.08	54.93	6.96	0.01	0.05	92.72	2.48	4.67	0.05
उदयपुर	41.02	52.42	6.48	न.	0.13	92.90	3.91	2.96	0.09
चित्तौड़गढ़	39.58	53.50	6.85	0.03	0.07	92.54	2.43	4.84	0.08
डूंगरपुर	43.56	50.84	5.51	न.	0.10	95.49	1.75	2.65	0.01
बांसवाड़ा	44.51	50.08	5.38	0.06	0.93	94.36	1.66	2.95	0.03
बूंदी	41.09	53.21	5.67	—	0.03	92.08	1.33	5.49	1.04
कोटा	41.53	52.87	5.46	0.03	0.25	89.62	0.84	8.72	0.51
झालावाड़	42.05	50.78	7.12	न.	0.02	92.44	1.15	6.32	0.06

पूरक जिला जनगणना पुस्तिका

जिला जैसलमेर

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ संख्या
प्राक्कथन	(iii)
आमुख	(v)
आभार	(vii)
जनसंख्या–एक झलक	(ix)
जिलेवार जनसांख्यिकीय विशेषताएं	(x)
आयु एवं धर्मानुसार जनसंख्या का वितरण	(xii)
परिचयात्मक आलेख	(xvii)
जैसलमेर जिला—एक विहंगम दृष्टि	(xix)

भाग–अ संक्षिप्त ग्राम निर्देशिका

संक्षिप्त ग्राम निर्देशिका में विभिन्न सुविधाओं को दर्शाने हेतु प्रयुक्त किये गये संकेत	3
संक्षिप्त ग्राम निर्देशिका :	
1. जैसलमेर पंचायत समिति	5
2. सांकड़ा पंचायत समिति	10
3. सम पंचायत समिति	13

भाग–ब संक्षिप्त ग्रामीण प्राथमिक जनगणना सार

पंचायत समितिवार संक्षिप्त जिला प्राथमिक जनगणना सार	25
संक्षिप्त प्राथमिक जनगणना सार :	
1. जैसलमेर पंचायत समिति	26
2. सांकड़ा पंचायत समिति	31
3. सम पंचायत समिति	34

भाग–स वर्णक्रमानुसार ग्रामों की सूची

वर्णक्रमानुसार ग्रामों की सूची :	
1. जैसलमेर पंचायत समिति	45
2. सांकड़ा पंचायत समिति	48
3. सम पंचायत समिति	50

परिचयात्मक आलेख

पंचायत समितियां राज्य में विकास-प्रशासन व योजना की आधारभूत इकाइयां हैं। अतः राज्य की प्रत्येक ग्रामीण इकाइयों में उपलब्ध विभिन्न जन सुविधाओं तथा उनसे सम्बन्धित जनसंख्या के प्रमुख आंकड़ों की सूचना पंचायत समिति वार पूरक जिला जनगणना पुस्तिका की इस शृंखला में प्रकाशित की जा रही है। इस पूरक जिला जनगणना पुस्तिका में तीन भाग हैं—भाग-अ में संक्षिप्त ग्राम निर्देशिका, भाग-ब में संक्षिप्त ग्रामीण प्राथमिक जनगणना सार तथा भाग-स में वर्णक्रमानुसार ग्रामों की सूची दी गयी है।

भाग-अ संक्षिप्त ग्राम निर्देशिका में जनसुविधा सम्बन्धी सूचनायें पटवारियों के माध्यम से एकत्रित की गई हैं तथा यह सभी सूचनायें वर्ष 1980 की हैं। प्रत्येक ग्राम से सम्बन्धित सूचनायें नौ कॉलमों के एक प्रपत्र में दी गई हैं। प्रथम दो कॉलमों में सामान्य सूचना अर्थात् लोकेशन कोड संख्या व ग्राम का नाम दिया गया है। ग्राम में उपलब्ध जन सुविधाओं यथा शैक्षणिक, चिकित्सा, पीने योग्य पानी, डाक व तार, संचार व्यवस्था, ग्राम तक पहुंचने का मार्ग व बिजली की आपूर्ति से सम्बन्धित सूचनायें कॉलम 3 से 9 में क्रमानुसार दी गयी हैं।

ग्राम में उपलब्ध जन सुविधाओं को सन्दर्भित ग्राम के नाम के आगे भिन्न-भिन्न कोड की सहायता से प्रस्तुत किया गया है। विभिन्न कॉलमों से सम्बन्धित कोडों का विवरण इस पुस्तक के भाग-अ के प्रारम्भ में दिया गया है। शैक्षणिक एवं चिकित्सा सुविधाओं के सम्बन्ध में प्रत्येक प्रकार की सुविधाओं को उपयुक्त कोड देकर कोष्ठक में इनकी संख्या को भी दर्शाया गया है। यदि किसी ग्राम में कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है तो सम्बन्धित कॉलम में डैश (—) दिया गया है और इसके पश्चात् संदर्भित ग्राम से निकटतम स्थान की दूरी को, जहां वह सुविधा उपलब्ध है, विस्तृत श्रेणियों जैसे—5 कि. मी., 5—10 कि. मी. और 10+ कि. मी. में दर्शाया गया है।

शैक्षणिक सुविधाओं के अन्तर्गत संयुक्त स्कूलों के लिये अनुरूप कक्षा वर्गों को अलग-अलग दिखाया गया है। उदाहरणार्थः यदि किसी स्कूल में पहली से बारहवीं तक कक्षायें हैं तो वहां एक प्राथमिक स्कूल, एक मिडिल स्कूल, एक सैकण्डरी स्कूल और एक हायर सैकण्डरी स्कूल का होना दिखाया गया है। पांचवी कक्षा तक के स्कूलों को प्राथमिक शाला, कक्षा 6 से 8 तक के सभी स्कूलों को उच्च प्राथमिक शाला, कक्षा 9 व 10 वाले सभी स्कूलों को सैकण्डरी स्कूल तथा कक्षा ग्यारह एवं बारह वाले सभी स्कूलों को हायर सैकण्डरी स्कूल माना गया है।

भाग-ब संक्षिप्त ग्रामीण प्राथमिक जनगणना सार में प्रत्येक ग्राम के लिये पंचायत समिति वार, 1981 की जनगणना से सम्बन्धित प्रमुख जनसंख्या आंकड़े ग्यारह कॉलमों के एक प्रपत्र में दिये गये हैं। प्रथम दो कॉलमों में सामान्य सूचना अर्थात् लोकेशन कोड संख्या व ग्राम का नाम दिया गया है। कॉलम 3 से 11 में क्रमशः ग्राम का क्षेत्रफल, परिवारों की संख्या, जनसंख्या, अनुसूचित जाति संख्या, अनुसूचित जनजाति संख्या, साक्षर, मुख्य काम करने वाले, सीमान्तिक काम करने वाले तथा काम नहीं करने वालों की संख्या दर्शायी गयी है। प्रारम्भ में जिले का संक्षिप्त ग्रामीण प्राथमिक जनगणना सार भी दिया गया है।

भाग-स में पाठकों की सुविधा के लिये पंचायत समिति स्तर पर ग्रामों की अंग्रेजी के वर्णक्रमानुसार सूची भी दी गयी है।

लोकेशन कोड : पंचायत समितियों में सम्मिलित विभिन्न तहसीलों के ग्रामों को लोकेशन कोड संख्या के माध्यम से दर्शाया गया है जिससे यह ज्ञात हो सके कि अमुक पंचायत समिति में किस तहसील के कौन-कौन से ग्राम शामिल किये गये हैं। इस हेतु त्रिस्तरीय कोड संरचना का उपयोग किया गया है जिसमें प्रथम स्थान पर जिले का कोड, द्वितीय स्थान पर तहसील का कोड व तृतीय स्थान पर ग्राम का कोड दिया गया है। उदाहरणार्थ: 6/12/50 इसमें 6 भरतपुर जिले का कोड है, 12 राजाखेड़ा तहसील का कोड है तथा 50 राजाखेड़ा तहसील के जैतपुर ग्राम का कोड है।

जैसलमेर जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में किस तहसील के कौन-कौन से ग्राम सम्मिलित है उन्हें निम्न सारणी में दर्शाया गया है :

पंचायत समिति का कोड व नाम	कुल ग्रामों की संख्या	पंचायत समिति में सम्मिलित तहसील का कोड, नाम तथा ग्रामों की संख्या		
		तहसील का कोड	तहसील का नाम	ग्रामों की संख्या
1	2	3	4	5
1. जैसलमेर	152	1	जैसलमेर	118
		2	पोकरण	34
2. सांकड़ा (मु. पोकरण)	87	2	पोकरण	87
3. सम	276	1	जैसलमेर	276

जैसलमेर जिला — एक विहंगम दृष्टि

ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि

जैसलमेर नगर राजा जैसल अथवा जैसा द्वारा बसाया गया था। जैसलमेर (जैसल का दुर्ग) शब्द की व्युत्पत्ति जैसल तथा मेरू, इन दो शब्दों के योग से हुई है। अनुमान है कि राज्य के तत्कालीन शासक राव जैसल ने उस समय की राजधानी लौद्रवा को प्रतिरक्षा की दृष्टि से अनुपयुक्त समझ कर एक अन्य नये नगर में अपनी राजधानी की स्थापना की, जिसका नाम जैसलमेर रखा। आज भी लौद्रवा भग्नावस्था में जैसलमेर के उत्तर-पश्चिम में जिले के मुख्यालय से 16 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। जिले का यह क्षेत्र, प्राचीनकाल में "माड़ धरा" अथवा "वल्ल मंडल" के नाम से प्रख्यात था। हालांकि इस क्षेत्र के प्राचीन इतिहास के बारे में प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध नहीं है, फिर भी यह आमतौर पर माना जाता है कि महाभारत युद्ध के पश्चात् अथवा कालान्तर में यादवों का मथुरा से काफी संख्या में बहिर्गमन हुआ। जैसलमेर के भूतपूर्व शासकों के पूर्वज, जो अपने वंश को भगवान कृष्ण के वंशानुक्रम में मानते हैं, संभवतः छठी शताब्दी (ईसा पूर्व) में इस क्षेत्र में आ बसे थे।

2. यह क्षेत्र जय, पराजय, वैभव और पराभव के विचित्र रंगों से रंजित इतिहास से भरा हुआ है। कहते हैं कि इस क्षेत्र का प्रथम महत्त्वपूर्ण शासक शालिवाहन था जिसने शालिवाहनपुर नगर, जिसे प्रायः सियालकोट नाम से जाना जाता है, बसाया था। शालिवाहन का पोता भाटी एक बहुत पराक्रमी योद्धा था। आगे चलकर उसका नाम ही जैसलमेर के शासकों का वंश-गोत्र बन गया। उसको "भाटिक संवत्" के नाम से एक संवत् आरम्भ करने का भी श्रेय मिला था, जिसका प्रारम्भिक वर्ष 623 ई. से मेल खाता है। उपरोक्त वर्णित योद्धाओं के अतिरिक्त इस वंश में और भी अनेक प्रसिद्ध शासक पैदा हुए। सबलसिंह, 1653 ई. में गद्दी पर बैठा था और मुगल सम्राट शाहजहां का समकालीन था। उसके शासनकाल में जैसलमेर कीर्ति की चरम सीमा पर पहुंचा हुआ था।

3. विद्यमान जिला प्रमुखतया भूतपूर्व जैसलमेर राज्य से गठित है। भूतपूर्व जैसलमेर राज्य राजपूताना राज्यों में ब्रिटिश संरक्षण में जाने वाले अंतिम राज्यों में से था। 12 दिसम्बर, 1818 को मूलराज द्वितीय (1762–1819) ने ब्रिटिश सरकार के साथ एक रक्षा संधि की जिसके अनुसार ब्रिटिश सरकार ने मूलराज की भावी वंशजों के जैसलमेर के सत्ता अधिकार की गारन्टी प्रदान की। इस संधि के अन्तर्गत राज्य के शासक को ब्रिटिश सरकार के अधीनस्थ मिलजुल कर कार्य करना था।

4. सन् 1838–39 के प्रथम अफगान युद्ध के समय अंग्रेजों को अपनी मुख्य सेना के साथ सम्पर्क स्थापित करने हेतु अन्य सेनाओं को सिन्धु नदी के रास्ते से भेजना आवश्यक था। इन सेनाओं के परिवहन के लिए तात्कालीन शासक गजसिंह (1820–46 ई०) ने बहुत ही माकूल बन्दोबस्त किये। इस सामयिक सहयोग एवं मदद के लिए ब्रिटिश सरकार ने उन्हें विशेष धन्यवाद का पात्र समझा तथा सिन्ध विजय के पश्चात् जैसलमेर राज्य के शाहगढ़ व घोटारू के जो दुर्ग जैसलमेर के शासकों से छिन चुके थे उन्हें सन् 1844 में पुनः वापस कर दिया गया।

5. सन् 1844 से 1949 (जब जैसलमेर का राजस्थान राज्य में विलय हुआ) तक राज्य की सीमा में कोई महत्त्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ। 6 अक्टूबर, 1949 को इस रियासत को जोधपुर खण्ड के अन्तर्गत एक पृथक जिले का दर्जा दिया गया। उस समय यह जिला दो उपखण्डों, जैसलमेर एवं बाप में विभक्त था जिनमें पांच तहसीलें जैसलमेर, रामगढ़, सम, फतेहगढ़ व बाप थीं। बाद में उपखण्डों की संख्या घटा कर एक तथा तहसीलों की संख्या दो कर दी गई। रामगढ़, सम व फतेहगढ़ तहसीलों को जैसलमेर तहसील में मिला दिया गया।

6. मितव्ययता एवं प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से सन् 1953 में जैसलमेर को जिला स्तर से घटा कर, जोधपुर जिले के अन्तर्गत एक उपखण्ड बना दिया गया था। तत्पश्चात् सन् 1954 में इसे पुनः जिला स्तर प्रदान किया गया जिसमें जैसलमेर व पोकरण दो उपखण्ड तथा छः तहसीलें – जैसलमेर, पोकरण, रामगढ़, सम, नाचना और फतेहगढ़ बनीं। दशक 1951–61 के दौरान जिले की सीमा में जोधपुर जिले की फलौदी तहसील से 47 ग्राम व पोकरण कस्बा तथा शेरगढ़ तहसील के 17 ग्राम स्थान्तरित किए गए। दूसरी तरफ, जिले की भूतपूर्व बाप तहसील से 43 ग्राम व तीन ढाणियां बीकानेर की कोलायत तहसील को अन्तरण किए गए। इसी प्रकार, दशक 1961–71 के बीच

जैसलमेर तहसील में भूतपूर्व रामगढ़ तहसील के 39 ग्राम, भूतपूर्व सम तहसील के 155 ग्राम तथा भूतपूर्व फतेहगढ़ तहसील के 94 ग्राम अन्तरित किए गए। जैसलमेर तहसील से ग्राम चांदसर व भूतपूर्व नाचना तहसील के 40 ग्राम पोकरण तहसील को स्थान्तरित किये गये।

7. इस समय यह जिला, जैसलमेर व पोकरण, दो उपखण्डों में विभाजित है। ये उपखण्ड होने के साथ-साथ तहसीलें भी हैं जो तीन उप-तहसीलों में विभाजित हैं यथा रामगढ़ व सम जैसलमेर तहसील में और नाचना, पोकरण तहसील में। दोनों तहसील मुख्यालय नगरपालिका क्षेत्र भी है। सन् 1971-81 के दौरान जोधपुर जिले की फलौदी तहसील के ग्राम छायन-II को इस जिले की पोकरण तहसील में हस्तान्तरित कर दिया गया।

8. यह जिला राजस्थान के सुदूर पश्चिम में स्थित है और भारत के विशाल मरूस्थल थार का बड़ा भाग है। यह 26°01′ से 28°02′ उत्तरी अक्षांश व 69°29′ से 72°20′ पूर्वी रेखांश के मध्य स्थित है। जिला पश्चिम, उत्तर और उत्तर-पश्चिम की ओर पाकिस्तान से सीमित है तथा उत्तर-पूर्व में बीकानेर जिले से घिरा है। इसके दक्षिण में बाड़मेर व पूर्व में जोधपुर जिले स्थित हैं।

9. वर्ष 1959 में लोकतंत्रात्मक विकेन्द्रीकरण के फलस्वरूप जिले में तीन पंचायत समितियां बनाई गई, जिनमें केवल ग्रामीण क्षेत्र को ही सम्मिलित किया गया। इनका संचालन जिला परिषद् द्वारा होता है, जो जिला प्रमुख की अध्यक्षता में कार्य करती है। इसके कार्य का पर्यवेक्षण जिलाधीश द्वारा किया जाता है, जो पदेन जिला विकास अधिकारी होता है। सरकार का मूल उद्देश्य पंचायत समितियों को खण्ड स्तर पर समस्त विकास कार्यों का प्रमुख अभिकरण बनाना है। जिले के दो नगरीय क्षेत्र – जैसलमेर और पोकरण पंचायत समितियों के कार्यक्षेत्र में नहीं आते।

10. पंचायत समिति के कार्यक्षेत्र का तहसील सीमा से सम्बन्ध निम्न तालिका में प्रस्तुत किया गया है :–

क्र.सं.	पंचायत समिति का नाम	तहसील का नाम जिसके क्षेत्राधिकार में पंचायत समिति का कार्यक्षेत्र आता है।
1	2	3
1.	जैसलमेर	1. जैसलमेर 2. पोकरण
2.	सांकड़ा	1. पोकरण
3.	सम	1. जैसलमेर

जिले की जनसांख्यिकीय रूपरेखा

11. जनगणना 1981 के अनुसार जिले की जनसंख्या 1 मार्च, 1981 को सूर्योदय के समय 243,082 पायी गयी जिसमें 134,204 पुरुष व 108,878 स्त्रियां हैं। दशक 1971-81 के दौरान जिले की जनसंख्या में 44.84 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। जनसंख्या की दृष्टि से इस जिले का राज्य में अन्तिम स्थान आता है। जिले की जनसंख्या का अधिकतम अनुपात ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है क्योंकि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के 462 आबाद ग्रामों में 210,155 या 86·45 प्रतिशत व्यक्ति निवास करते हैं। ये समस्त ग्राम पंचायत समितियों के कार्यक्षेत्र में आते हैं। दूसरी तरफ, जिले के दो नगरीय क्षेत्र यथा–जैसलमेर व पोकरण में 32,927 या 13·55 प्रतिशत व्यक्ति निवास करते हैं। जिले में 53 ग्राम गैर-आबाद हैं, जहां कोई जनसंख्या नहीं रहती है। राज्य के इस जिले में सिरोही जिले को छोड़कर सबसे कम आबाद ग्राम हैं।

12. राज्य के कुल आबाद ग्रामों का लगभग 1·32 प्रतिशत इस जिले की विभिन्न पंचायत समितियों के अन्तर्गत आते है। जिले की तीनों पंचायत समितियों में से सम पंचायत समिति में कुल ग्रामों का 51·73 प्रतिशत पाया गया है जबकि जैसलमेर व सांकड़ा पंचायत समिति में क्रमशः 30·30 व 17·97 प्रतिशत आते हैं।

13. निम्न तालिका में इस जिले की विभिन्न पंचायत समितियों की जनसंख्या तथा प्रत्येक पंचायत समिति में आबाद व गैर-आबाद ग्रामों की संख्या प्रस्तुत की गई है :

तालिका–1

जनसंख्या व ग्रामों की संख्या, 1981

जिला/पंचायत समिति	जनसंख्या (ग्रामीण)			ग्राम पंचायतों की संख्या	ग्रामों की संख्या		
	कुल	पुरुष	स्त्री		कुल	आबाद	गैर-आबाद
1	2	3	4	5	6	7	8
जैसलमेर जिला	**210,155**	**115,337**	**94,818**	**93**	**515**	**462**	**53**
जैसलमेर	59,617	33,383	26,234	28	152	140	12
सांकड़ा (मु. पोकरण)	85,025	45,450	39,575	24	87	83	4
सम	65,513	36,504	29,009	41	276	239	37

क्षेत्रफल एवं जनसंख्या के अनुसार पंचायत समितियों की श्रेणी एवं जनसंख्या घनत्व

14. जिला जनगणना पुस्तिकाओं में दिये गये क्षेत्रफल के आंकड़े दो विभिन्न माध्यमों से प्राप्त किये गये हैं। सम्पूर्ण जिले के लिए भारत के महा सर्वेक्षक द्वारा भेजे गए क्षेत्रफल का उपयोग किया गया है। किसी भी जिले के वास्तविक ग्रामीण क्षेत्रफल को निकालने के लिए उस जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों के क्षेत्रफल को जिले के कुल क्षेत्रफल में से घटाया गया है। पंचायत समिति स्तर पर कुल ग्रामीण क्षेत्रफल ग्रामों के क्षेत्रफल को जोड़कर निकाला गया है। अतः यह स्वाभाविक है कि पूरक जिला जनगणना पुस्तिकाओं में दिये गये विभिन्न पंचायत समितियों के ग्रामीण क्षेत्रफल का कुल योग जिला जनगणना पुस्तिकाओं में जिला स्तर पर कुल ग्रामीण क्षेत्रफल के योग से मिलान नहीं करेगा।

15. ग्रामीण जनसंख्या का अधिकतम अनुपात (40·46 प्रतिशत) जिले की सांकड़ा पंचायत समिति में पाया गया है जबकि सम पंचायत समिति में सम्पूर्ण ग्रामीण जनसंख्या का 31·17 प्रतिशत रेकार्ड किया गया है। जैसलमेर पंचायत समिति की जनसंख्या 28·37 प्रतिशत होने से यह क्रम में अन्तिम है।

16. इस जिले का भारत के महा सर्वेक्षक द्वारा भिजवाया गया क्षेत्रफल 38,401·0 वर्ग किलोमीटर है और यह जिला इस दृष्टि से राज्य के समस्त जिलों में प्रथम स्थान रखता है। पंचायत समिति स्तर पर सम पंचायत समिति का क्षेत्रफल सर्वाधिक (55·35 प्रतिशत) है। दूसरी तरफ क्षेत्रफल की दृष्टि से, सांकड़ा पंचायत समिति का 14·49 प्रतिशत से क्रम में अन्तिम स्थान आता है। जैसाकि पूर्व में उल्लेख किया जा चुका है, इस जिले की ग्रामीण जनसंख्या में अधिकतम योगदान सांकड़ा पंचायत समिति का रहा है जबकि जैसलमेर पंचायत समिति सबसे कम आबादी वाली पंचायत समिति है, जिसका जिले की ग्रामीण जनसंख्या में न्यूनतम योगदान रहा है। यहां यह उल्लेख करना उचित होगा कि क्षेत्रफल एवं जनसंख्या दोनों ही दृष्टि से सभी पंचायत समितियां अलग-अलग स्थान रखती है।

17. जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या का घनत्व (प्रति वर्ग किलोमीटर में निवासित व्यक्तियों की संख्या) 5 पाया गया है। जनसंख्या के घनत्व की दृष्टि से यह जिला राज्य के अन्य जिलों की अपेक्षा समस्त, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सबसे अन्त में आता है। पंचायत समिति स्तर पर जहां सांकड़ा पंचायत समिति में यह सर्वाधिक (15) रेकार्ड किया गया है, वहीं पर सबसे न्यूनतम (3) सम पंचायत समिति में अवलोकित हुआ है। निम्न तालिका में पंचायत समिति वाईज क्षेत्रफल, जनसंख्या तथा जनसंख्या का घनत्व दर्शाया गया है :

तालिका–2

पंचायत समितियों का क्षेत्रफल व जनसंख्या के अनुसार स्थान व जनसंख्या घनत्व

पंचायत समिति	क्षेत्रफल		जनसंख्या		
	जिले के ग्रामीण क्षेत्रफल का प्रतिशत	स्थान	जिले की ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत	स्थान	जनसंख्या घनत्व (वर्ग कि.मी. में)
1	2	3	4	5	6
जैसलमेर	30.16	2	28.37	3	5
सांकड़ा (मु. पोकरण)	14.49	3	40.46	1	15
सम	55.35	1	31.17	2	3

स्त्री-पुरुष अनुपात

18. जनगणना 1981 में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्री-पुरुष अनुपात (स्त्रियों का प्रति हजार पुरुषों पर अनुपात) 822 पाया गया है जो कि जिला स्तर पर समस्त क्षेत्रों के अनुपात 811 से कुछ अधिक रहा है। यहां यह उल्लेख करना रूचिकर होगा कि स्त्री-पुरुष अनुपात इस जिले में अन्य जिलों के मुकाबले में समस्त, ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में सबसे कम रहा है। पंचायत समिति स्तर पर यह अनुपात सर्वाधिक (871) सांकड़ा पंचायत समिति में तथा न्यूनतम (786) जैसलमेर पंचायत समिति में पाया गया। स्त्री-पुरुष अनुपात जिला (ग्रामीण) स्तर के औसत अनुपात से केवल सांकड़ा पंचायत समितियों में अधिक पाया गया है जबकि जैसलमेर तथा सम पंचायत समिति में यह कम रहा है। निम्न तालिका में 1981 की जनगणना के आधार पर पंचायत समिति स्तर पर स्त्री-पुरुष अनुपात के आंकड़े दर्शाए गए हैं :

तालिका–3

स्त्री–पुरुष अनुपात, 1981

जिला/पंचायत समिति	1,000 पुरुषों में स्त्रियों की संख्या
1	2
जैसलमेर जिला (ग्रामीण)	**822**
जैसलमेर	786
सांकड़ा (मु. पोकरण)	871
सम	795

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति

19. जनगणना, 1981 के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति का अनुपात 14·52 प्रतिशत रहा जबकि 1971 में यह अनुपात 13·56 प्रतिशत था। इस प्रकार दशक 1971–81 में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों में 0·96 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 1981 में अनुसूचित जाति का अनुपात जिले की कुल आबादी में 15·24 प्रतिशत रहा जोकि 1971 में प्राप्त 14 48 प्रतिशत से 0·76 प्रतिशत अधिक है।

20. जिले में अनुसूचित जातियों की तुलना में अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत बहुत ही कम रहा। अनुसूचित जनजातियों का अनुपात 198! में जिले की कुल जनसंख्या में 4·39 प्रतिशत रहा जबकि 1971 के दौरान यह 4·13 प्रतिशत था, जो इस बात को दर्शाता है कि दशक 1971–81 के दौरान 0·26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पुनः 1981 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में अवलोकन करने से यह ज्ञात होता है कि इस जिले के इन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों का अनुपात 4·69 प्रतिशत रहा जो 1971 की जनगणना के दौरान रेकार्ड किए गए 4·34 प्रतिशत के अनुपात से 0·35 प्रतिशत अधिक है। जिले एवं इसकी विभिन्न पंचायत समितियों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का अनुपात निम्न तालिका में प्रस्तुत किया गया है :

तालिका–4

1981 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का कुल ग्रामीण जनसंख्या में अनुपात

जिला/पंचायत समिति	अनुसूचित जाति जनसंख्या का कुल जनसंख्या पर प्रतिशत	अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का कुल जनसंख्या पर प्रतिशत
1	2	3
जैसलमेर जिला (ग्रामीण)	**15.24**	**4.69**
जैसलमेर	16.70	6.12
सांकड़ा (मु. पोकरण)	12.91	4.23
सम	16.93	3.98

21. जिले में पंचायत समिति स्तर पर अनुसूचित जाति के जनसंख्या वितरण का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि इनका अधिकतम अनुपात (34·64 प्रतिशत) सम पंचायत समिति में तथा न्यूनतम (31·09 प्रतिशत) जैसलमेर पंचायत समिति में रेकार्ड किया गया है। सांकड़ा पचायत समिति में यह 34.27 प्रतिशत रहा है। जहां तक विभिन्न पंचायत समितियों में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के वितरण का सम्बन्ध है, इसका सर्वाधिक अनुपात (37·02 प्रतिशत) जैसलमेर पंचायत समिति में तथा न्यूनतम (26·50 प्रतिशत) सम पंचायत समिति में अवलोकित होता है। आगे दी गई तालिका में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के जनसंख्या वितरण एवं जिले की कुल ग्रामीण जनसंख्या में पंचायत समिति स्तर पर इसके अनुपात को दर्शाया गया है :

तालिका–5

1981 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत वितरण

जिला/पंचायत समिति	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
1	2	3
जैसलमेर जिला (ग्रामीण)	**32,025 (100.00)**	**9,851 (100.00)**
जैसलमेर	9,957 (31.09)	3,647 (37.02)
सांकड़ा (मु. पोकरण)	10,974 (34.27)	3,594 (36.48)
सम	11,094 (34.64)	2,610 (26.50)

साक्षरता

22. जनगणना, 1981 के अनुसार इस जिले की कुल आबादी में साक्षरों का अनुपात 15·80 प्रतिशत रहा है जबकि राज्य स्तर के 24·38 प्रतिशत की तुलना में यह बहुत कम है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता दर 10·55 प्रतिशत रेकार्ड की गई है जो राज्य स्तर पर इन क्षेत्रों के लिए प्राप्त साक्षरता दर 17·99 प्रतिशत की तुलना में काफी कम है तथा राज्य के बाड़मेर जिले को छोड़कर अन्य सभी जिलों से साक्षरता में पिछड़ा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुष साक्षरता दर 17·93 प्रतिशत तथा स्त्रियों में यह 1·57 प्रतिशत रेकार्ड की गई है। यहां यह उल्लेख करना रोचक होगा कि स्त्रियों की साक्षरता दर राज्य के समस्त जिलों की अपेक्षा निम्नतम है। पंचायत समिति स्तर पर पुरुषों और स्त्रियों के लिए अधिकतम साक्षरता दर जैसलमेर पंचायत समिति में पाई गई है जो क्रमशः 21·02 और 2·44 प्रतिशत दर्ज की गई है। साक्षरता का न्यूनतम अनुपात पुरुषों और स्त्रियों के लिए सम पंचायत समिति में अवलोकित होता है जो क्रमशः 16·01 तथा

1·10 प्रतिशत पाया गया है। निम्न तालिका में पंचायत समिति स्तर पर साक्षरता दर की एक तुलनात्मक स्थिति प्रस्तुत की गई है :

तालिका–6

स्त्री–पुरुष साक्षरता दर

जिला/पंचायत समिति	साक्षरता का प्रतिशत		
	व्यक्ति	पुरुष	स्त्री
1	2	3	4
जैसलमेर जिला (ग्रामीण)	**10.55**	**17.93**	**1.57**
जैसलमेर	12.84	21.02	2.44
सांकड़ा (मु. पोकरण)	9.81	17.19	1.33
सम	9.41	16.01	1.10

कार्यरत जनसंख्या

23. जनगणना, 1981 में जनसंख्या का वर्गीकरण आर्थिक गतिविधि के आधार पर तीन श्रेणियों (1) मुख्य रूप से काम करने वाले, (2) सीमान्तिक रूप से काम करने वाले व (3) काम नहीं करने वाले, में किया गया है। इस वर्गीकरण के आधार पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल जनसंख्या में 62·89 प्रतिशत काम नहीं करने वाले हैं। सम्पूर्ण ग्रामीण जनसंख्या का 32·36 प्रतिशत मुख्य रूप से काम करने वालो का एवं केवल 4·75 प्रतिशत सीमान्तिक रूप से काम करने वालों का है। पुरुषों के सन्दर्भ में ग्रामीण क्षेत्रों में निवासित समस्त पुरुष जनसंख्या का 55·77 प्रतिशत मुख्य रूप से काम करने वाले, केवल 1·34 प्रतिशत सीमान्तिक रूप से काम करने वाले एवं 42·89 प्रतिशत काम नहीं करने वालों का है। स्त्रियों में ग्रामीण स्त्री जनसंख्या का 87·22 प्रतिशत काम नहीं करने वालों का है जबकि मुख्य रूप से काम करने वाले और सीमान्तिक रूप से काम करने वाले क्रमश: 3 89 एवं 8·89 प्रतिशत हैं।

24. पंचायत समिति स्तर पर मुख्य रूप से काम करने वाली जनसंख्या का अधिकतम अनुपात (34·07 प्रतिशत) जैसलमेर पंचायत समिति में पाया गया है जबकि सांकड़ा और सम पंचायत समितियों में इनका प्रतिशत क्रमश: 31·71 तथा 31·66 रहा है। दूसरी तरफ सीमान्तिक रूप से काम करने वाली जनसंख्या का अधिकतम अनुपात (6·62 प्रतिशत) सांकड़ा पंचायत समिति में रेकार्ड किया गया है जबकि सबसे कम (3·20 प्रतिशत) जैसलमेर पंचायत समिति में पाया गया है। पंचायत समिति स्तर पर काम नहीं करने वाली जनसंख्या का सर्वाधिक अनुपात (64·63 प्रतिशत) सम पंचायत समिति में पाया गया है जबकि सांकड़ा पंचायत समिति में यह न्यूनतम अनुपात (61·67 प्रतिशत) है। निम्न तालिका मुख्य रूप से काम करने वाले, सीमान्तिक रूप से काम करने वाले एवं काम नहीं करने वाली जनसंख्या का पंचायत समिति स्तर पर वितरण प्रस्तुत करती है :

तालिका–7

मुख्य काम करने वाले, सीमान्तिक काम करने वाले तथा काम नहीं करने वालों का कुल जनसंख्या (ग्रामीण) में अनुपात

जिला/पंचायत समिति	मुख्य काम करने वालों का कुल ग्रामीण जनसंख्या में प्रतिशत			सीमान्तिक काम करने वालों का कुल ग्रामीण जनसंख्या में प्रतिशत			काम नहीं करने वालों का कुल ग्रामीण जनसंख्या में प्रतिशत		
	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
जैसलमेर जिला (ग्रामीण)	**32.36**	**55.77**	**3.89**	**4.75**	**1.34**	**8.89**	**62.89**	**42.89**	**87.22**
जैसलमेर	34.07	57.55	4.19	3.20	0.83	6.22	62.73	41.62	89.59
सांकड़ा (मु. पोकरण)	31.71	55.00	4.95	6.62	1.73	12.25	61.67	43.27	82.80
सम	31.66	55.09	2.17	3.71	1.33	6.72	64.63	43.58	91.11

25. ग्रामीण क्षेत्रों में, मुख्य रूप से काम करने वाली जनसंख्या में से 66·21 प्रतिशत पुरुष तथा 59·18 प्रतिशत स्त्रियां काश्तकारी में व्यस्त हैं जबकि केवल 3·02 प्रतिशत पुरुष तथा 12·06 प्रतिशत स्त्रियां खेतिहर मजदूर के रूप में काम करते पाये गये हैं। पारिवारिक उद्योगों में मात्र 1·91 प्रतिशत पुरुष तथा 7·24 प्रतिशत स्त्रियां व्यस्त हैं। अन्य आर्थिक गतिविधियों में इनका अनुपात क्रमशः 28·86 एवं 21·52 प्रतिशत दर्ज किया गया है। यहां यह उल्लेख करना युक्ति संगत होगा कि पंचायत समिति स्तर पर जहां काश्तकारी में पुरुषों का अनुपात स्त्रियों की अपेक्षा प्रत्येक पंचायत समिति में अधिक रहा है, वहीं पर खेतिहर मजदूर और पारिवारिक उद्योगों में यह कम रेकार्ड किया गया है। 'अन्य काम करने वाले' वर्ग में जहां पुरुषों का सांकड़ा पंचायत समिति में बाहुल्य रहा है वहीं पर जैसलमेर और सम पंचायत समितियों में यह तुलनात्मक कम अवलोकित होता है, जैसाकि निम्न तालिका से दृष्टिगोचर होता है जो सम्पूर्ण जनसंख्या का वितरण कृषि कार्यों एवं अन्य गतिविधियों में करती है :

तालिका–8

आर्थिक गतिविधि के अनुसार कार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत वितरण

जिला/पंचायत समिति	कुल मुख्य काम करने वाले		मुख्य काम करने वालों के वर्ग							
			काश्तकार		खेतिहर मजदूर		पारिवारिक उद्योग		अन्य काम करने वाले	
	पुरुष	स्त्रियां	पुरुष	स्त्रियां	पुरुष	स्त्रियां	पुरुष	स्त्रियां	पुरुष	स्त्रियां
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
जैसलमेर जिला (ग्रामीण)	**100.00**	**100.00**	**66.21**	**59.18**	**3.02**	**12.06**	**1.91**	**7.24**	**28.86**	**21.52**
जैसलमेर	100.00	100.00	55.99	35.40	3.13	10.92	2.39	14.74	38.49	38.94
सांकड़ा (मु. पोकरण)	100.00	100.00	80.13	77.45	3.10	14.95	1.38	2.24	15.39	5.36
सम	100.00	100.00	58.67	43.81	2.81	5.08	2.12	9.68	36.40	41.43

भाग अ

संक्षिप्त ग्राम निर्देशिका

संक्षिप्त ग्राम निर्देशिका में विभिन्न सुविधाओं को दर्शाने हेतु प्रयुक्त किये गये संकेत

कॉलम संख्या	क्रम संख्या	सुविधायें	संकेत
1	2	3	4
कॉलम 3		**शैक्षणिक**	
	1.	प्राथमिक या प्रारम्भिक स्कूल	P
	2.	जूनियर सैकण्डरी या मिडिल स्कूल	M
	3.	मैट्रिक या सैकण्डरी	H
	4.	हायर सैकण्डरी/इण्टरमीडिएट/प्री-यूनिवर्सिटी/ जूनियर कालेज	PUC
	5.	कालेज कोई भी (स्नातक स्तर या उससे उच्च स्तर तक) जैसे कला, विज्ञान या वाणिज्य आदि	C
	6.	औद्योगिक स्कूल	T
	7.	प्रशिक्षण स्कूल	Tr
	8.	प्रौढ़ शिक्षा कक्षा/केन्द्र	AC
	9.	अन्य शैक्षिक संस्थान (इसमें संस्कृत पाठशाला, सीनियर बेसिक स्कूल, मकतब आदि आयेंगे)	O
कॉलम 4		**चिकित्सा**	
	1.	अस्पताल	H
	2.	प्रसूति और शिशु कल्याण केन्द्र	MCW
	3.	प्रसूति गृह	MH
	4.	शिशु कल्याण केन्द्र	CWC
	5.	स्वास्थ्य केन्द्र	HC
	6.	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	PHC
	7.	प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र	PHS
	8.	औषधालय	D
	9.	परिवार नियोजन केन्द्र	FPC
	10.	टी. बी. क्लीनिक	TB
	11.	रजिस्टर्ड प्राइवेट प्रेक्टीशनर	RP
	12.	नर्सिंग होम	NH
	13.	सब्सीडाइज्ड मेडिकल प्रेक्टीशनर	SMP
	14.	सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता	CHW
	15.	अन्य	O
कॉलम 5		**पीने योग्य पानी**	
	1.	नल का पानी	T
	2.	कुएं का पानी	W
	3.	तालाब का पानी	TK
	4.	नल-कूप का पानी	TW
	5.	हैण्डपम्प	HP
	6.	नदी का पानी	R
	7.	झरना	F
	8.	नहर	C
	9.	झील	L
	10.	जल-स्रोत	S
	11.	नाला	N
	12.	अन्य	O
कॉलम 6		**डाक व तार**	
	1.	डाक घर	PO
	2.	तार घर	TO
	3.	डाक और तार घर	PTO
	4.	दूरभाष सेवा	Phone
कॉलम 7		**संचार व्यवस्था**	
	1.	बस स्टाप	BS
	2.	रेल्वे स्टेशन	RS
कॉलम 8		**ग्राम तक पहुँचने का मार्ग**	
	1.	कच्ची सड़कें	KR
	2.	पक्की सड़कें	PR
कॉलम 9		**बिजली की आपूर्ति**	
	1.	घरेलू उपयोग के लिये बिजली	ED
	2.	कृषि के लिये बिजली	EAg
	3.	औद्योगिक, वाणिज्यक आदि जैसे अन्य प्रयोजनों के लिए बिजली	EO
	4.	उपरोक्त सभी प्रयोजनों के लिए बिजली	EA

संक्षिप्त ग्राम निर्देशिका

जिला : 12. जैसलमेर

पंचायत समिति : 1. जैसलमेर

लोकेशन कोड	ग्राम का नाम	उपलब्ध जनसुविधायें (यदि ग्राम में उपलब्ध नहीं है तो इन कालमों में डेश (—) लगाया गया है तथा इसके बाद ब्रेकिट में वर्गानुसार जैसे —5 कि.मी., 5—10 कि.मी. और 10+ कि.मी. उस निकटतस स्थान की दूरी दर्शायी गयी है जहां सुविधा उपलब्ध है)						
		शैक्षणिक	चिकित्सा	पीने योग्य पानी	डाक व तार	संचार व्यवस्था	ग्राम तक पहुंचने का मार्ग	बिजली की आपूर्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9
12/1/73	मोकला	P(1)	—(10+)	W,TK	—(5—10)	BS	PR,KR	—
12/1/74	पारेवर	P(1)AC(1)	—(10+)	W,TK	PO	—(10+)	KR	—
12/1/75	खीया राहड़की	—(—5)	D(1)	W	PO	BS	KR	—
12/1/76	खीया	P(1)M(1)	D(1)	W,TW,TK	PO	BS	KR	—
12/1/77	रत्ता	—(5—10)	—(10+)	W,TK	—(10+)	BS	KR	—
12/1/78	नेहडाई	P(1)	—(10+)	W,TK	PO	BS	KR	—
12/1/79	मन्धा	P(1)	—(10+)	W,TK	—(5—10)	BS	KR	—
12/1/80	सुल्ताना	P(1)	—(10+)	TK,TW	PO	BS	KR	—
12/1/81	अरजना	P(1)	—(10+)	T,TK	—(—5)	BS	KR	—
12/1/82	डीगा	P(1)	—(10+)	T,TK	—(5—10)	—(5—10)	KR	—
12/1/84	बाहला	P(1)	—(10+)	W,TK	PO	—(10+)	KR	—
12/1/85	मोहनगढ़	P(1)M(1)H(1) AC(1)O(1)	PHS(1)D(1)O(1)	T,W,TK	PO	BS	PR,KR	—
12/1/86	रेहरुण्ड	P(1)	—(10+)	O	—(10+)	—(10+)	KR	—
12/1/87	बालाना	P(1)	—(10+)	O	—(10+)	—(10+)	KR	—
12/1/88	ताडाना	P(1)	—(10+)	W,TK,O	PO	—(10+)	KR	—
12/1/89	केरू		गैर-आबाद					—
12/1/90	टावरकी		गैर-आबाद					—
12/1/91	मेनगी		गैर-आबाद					—
12/1/92	खारा नारायतां		गैर-आबाद					—
12/1/93	आइन्ता		गैर-आबाद					—
12/1/94	खारडी		गैर-आबाद					—
12/1/95	देऊगा	P(1)	—(10+)	W,TK	—(10+)	—(10+)	KR	—
12/1/96	कानोद बीरमा	P(1)	—(10+)	T,TK	—(5—10)	—(5—10)	KR	—
12/1/97	कानोद रावलोटान	P(1)	—(10+)	T,O,TK	PO	BS	PR,KR	—
12/1/98	मंढाउ	—(10+)	—(10+)	W,TK,O	—(10+)	—(10+)	KR	—
12/1/99	सदराऊ (पोहड़)	—(5—10)	—(10+)	W,TK	—(5—10)	—(10+)	KR	—
12/1/100	सांखला	P(1)	—(10+)	W,TK	—(5—10)	—(5—10)	KR	—
12/1/101	बोहा	P(1)	—(10+)	W,TK,O	—(10+)	BS	KR	—
12/1/102	लाखा	P(1)	—(10+)	W.TK	—(5—10)	—(5—10)	KR	—
12/1/103	देवा	P(1)M(1)	—(10+)	W,TK	PO	BS	KR	—
12/1/104	सुथरों-की-ढाणी		गैर-आबाद					—

संक्षिप्त ग्राम निर्देशिका

जिला : 12. जैसलमेर

पंचायत समिति : 1. जैसलमेर

लोकेशन कोड	ग्राम का नाम	उपलब्ध जनसुविधायें (यदि ग्राम में उपलब्ध नहीं है तो इन कालमों में डेश (—) लगाया गया है तथा इसके बाद ब्रेकिट में वर्गानुसार जैसे —5 कि.मी., 5—10 कि.मी. और 10+ कि.मी. उस निकटतम स्थान की दूरी दर्शायी गयी है जहां सुविधा उपलब्ध है)						
		शैक्षणिक	चिकित्सा	पीने योग्य पानी	डाक व तार	संचार व्यवस्था	ग्राम तक पहुंचने का मार्ग	बिजली की आपूर्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9
12/1/105	गोगादेव	P(1)	—(10+)	W,TK	—(10+)	—(10+)	KR	—
12/1/106	कन्डीयाला	—(5—10)	—(10+)	TK,O	—(5—10)	—(10+)	KR	—
12/1/107	मोतीकीलों-की-ढाणी	P(1)	—(10+)	O	—(10+)	—(10+)	KR	—
12/1/108	सेलत	P(1)	—(10+)	O	—(10+)	—(10+)	KR	—
12/1/109	काठोडी	P(1)AC(1)	—(10+)	TK,R,O	PO	—(10+)	KR	—
12/1/110	चौधरिया	P(1)	—(10+)	W,TK	—(5—10)	—(—5)	KR	—
12/1/111	हुड्डा	P(1)AC(1)	—(10+)	T,W,TK	—(5—10)	—(5—10)	KR	—
12/1/112	पोहड़-दोयम	P(1)	—(10+)	W,TK	—(10+)	BS	KR	—
12/1/113	भारमसर मय बैसाखी	P(1)	—(10+)	W	PO	BS	PR,KR	—
12/1/114	लानेला	P(1)	—(10+)	TK,O	—(—5)	BS	PR	—
12/1/115	भादासर	P(1)	—(10+)	TK,O	PO	BS	PR	—
12/1/116	भाटिया खाडीन			गैर-आबाद				—
12/1/117	तेजावा	—(5—10)	—(10+)	W,TK	—(5—10)	—(5—10)	KR	—
12/1/118	रूपसी	P(1)AC(1)	PHS(1)	TW,T,W	PO	BS	KR	—
12/1/119	रामकुण्डा	—(—5)	—(10+)	W,O	—(—5)	—(—5)	KR	—
12/1/120	चुन्धी	—(5—10)	—(10+)	W	—(5—10)	BS	PR	—
12/1/121	लिदरवा मय देवड़ी-की-ढाणी	—(—5)	—(10+)	W,O	—(—5)	BS	PR	—
12/1/122	टावरिया			गैर-आबाद				—
12/1/123	खंडेरों-की-ढाणी	—(10+)	—(10+)	W	—(10+)	—(10+)	KR	—
12/1/124	छतरोल	P(1)	—(10+)	W	—(5—10)	BS	KR	—
12/1/217	मानपिया	—(5—10)	—(10+)	W	—(10+)	BS	KR,PR	—
12/1/218	कहाला	P(1)	—(10+)	W	—(10+)	—(5—10)	KR	—
12/1/219	मूलसागर	—(5—10)	—(5—10)	W	—(5—10)	BS	PR,KR	—
12/1/220	अमरसागर	P(1)	—(5—10)	W,TK,O	PO	BS	PR,KR	—
12/1/221	बडाबाग	P(1)	—(5—10)	W,TK	PO	BS	KR	—
12/1/222	जेठवाई	P(1)	—(10+)	TK,W	—(10+)	—(10+)	KR	—
12/1/223	किशनघाट	P(1)	—(5—10)	T,W,TK	—(5—10)	—(5—10)	KR	—
12/1/224	कल्याणघाट	—(5—10)	—(10+)	O,W,TK	—(5—10)	—(5—10)	KR	—
12/1/225	हमीरा	P(1)M(1)AC(1)	—(10+)	W,TK	PO	BS,RS	PR,KR	EO
12/1/226	चाहडू	—(5—10)	—(10+)	W,TK	—(5—10)	BS	PR,KR	—
12/1/227	जैसूराणा	P(1)	—(10+)	T,TK	—(5—10)	—(5—10)	KR	—

संक्षिप्त ग्राम निर्देशिका

जिला : 12. जैसलमेर

पंचायत समिति : 1. जैसलमेर

